# मेरठ कॉलेज, मेरठ
# Newsletter

सत्र : 2025–26
अंक–4 (द्वैमासिक)
मार्च–अप्रैल 2025

*(A 'NAAC' Accredited College)*
*Awarded "College with Potential for Excellence" by U.G.C.*
*Star Status, DBT, Govt. of India*
*Website : mcm.ac.in    E-mail : principal_mcm1892@ymail.com*


### साहित्यक एवं सांस्कृतिक परिषद के तत्वावधान में आयोजित 'सृजन 2025' के तहत हुई निबंध प्रतियोगिता



दिनांक 1 मार्च 2025 को साहित्यक एवं सांस्कृतिक परिषद के तत्वावधान में आयोजित 'सृजन 2025' के तहत निबंध प्रतियोगिता हुई। इसमें छात्र–छात्राओं की टीम ने भाग लिया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में एलएलएम कक्षा की प्रियंका सिंह अव्वल रहीं। एम.एड. के ललित कुमार द्वितीय एवं एम.एस.सी. की रितिका मित्तल तृतीय रहें। कार्यक्रम की संयोजिका प्रो. शालिनी त्यागी ने विजेताओं के नाम घोषित किए। निबंध लेखन प्रतियोगिता में इस्माईल गर्ल्स नेशनल कॉलेज की हिंदी विभाग की प्रो. दीपिका त्यागी एवं अंग्रेजी विभाग की प्रो. मीनू शर्मा जज रहीं।



### विधि विभाग में मूट कोर्ट एवं व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन

दिनांक 1 मार्च 2025 को मेरठ कॉलेज मेरठ के विधि विभाग में मूट कोर्ट एवं व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया। व्याख्यान श्रृंखला में मध्यस्थता एवं वैकल्पिक विवाद निस्तारण प्रणाली पर प्रो. गोपीचंद एवं प्रो. आर के उपाध्याय ने अपने विचार रखें। प्रो. गोपीचंद ने लोक अदालत की कार्यवाही पर प्रकाश डाला एवं बताया कि वर्तमान में यह न्याय में गति लाने के लिए आवश्यक है। लोक अदालत के माध्यम से सिविल मामले का आपसी सहमति से निस्तारण किया जा सकता है। इन प्रक्रियाओं को निरंतर अपनाने की आवश्यकता है।

### दिनांक 3 मार्च 2025 को मूट कोर्ट में आयोजित 'सृजन 2025' के तहत हुई एकल अभिनय प्रतियोगिता



यहां घोषित परिणाम में एम.कॉम. की आँचल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने महाभारत युद्ध के दौरान दुर्योधन की मृत्यु के पश्चात उसकी मां गांधारी के विलाप एवं संवाद का बेहतरीन एकल अभिनय किया। वहीं बी.एड. के राहुल सक्सेना ने द्वितीय तथा बी.एड. की सरस्वती श्रीवास्तव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर शहीद मंगल पांडे राजकीय महाविद्यालय की प्रो. गौरी गोयल एवं आरजी कॉलेज की प्रो. कल्पना चौधरी जज रहीं।



### मेरठ कॉलेज में हुआ चार दिवसीय एनएसएस शिविर प्रारंभ

दिनांक 4 मार्च 2025 को मेरठ कॉलेज, मेरठ में राष्ट्रीय सेवा योजना 2025 के चार दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ प्राचार्य प्रो. युद्धवीर सिंह द्वारा किया गया। प्राचार्य ने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्त्व और विद्यार्थियों को एक बेहतर एवं कुशल नागरिक बनने पर जोर दिया।

इस योजना के अंतर्गत कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा छात्रों को योगाभ्यास सिखाया गया और उसके महत्त्व पर प्रकाश डाला गया ।

### सृजन 2025 के तहत मेरठ कॉलेज में हुई सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता



मेरठ कॉलेज में आज दिनांक 5 मार्च 2025 दिन बुधवार को सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में वाणिज्य संकाय की टीम प्रथम रही। वहीं, कला संकाय की टीम द्वितीय तथा विज्ञान संकाय की टीम तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर राजकीय कॉलेज की पूर्व प्राचार्य प्रो. रेखा तिवारी एवं स्वाराँचल संगीत अकादमी की निदेशक प्रो. शैल शर्मा जज रहीं।

### महिला उत्थान का सर्वोपरि आयाम है तनाव रहित जीवन : प्रो. युद्धवीर सिंह
### तनाव रहित महिला ही विकसित समाज का आधार : ब्रह्मकुमारी बहन श्वेता



दिनांक 8.3.2025 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मेरठ कॉलेज, मेरठ में महिला प्रकोष्ठ द्वारा 'तनाव प्रबंधन व आंतरिक शांति' के परिपेक्ष में एक वार्ता का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी बहन श्वेता रहीं। उन्होंने बताया कि संसार में विपरीत परिस्थितिया हमेशा ही रहेगी। तनाव से बचने के लिए आंतरिक रूप से व आत्मिक रूप से स्वयं को शक्तिशाली बनाना होगा। उन्होंने कहा कि स्वयं से प्रेम करना चाहिए। विचारों में व्यवहार में समानता होनी चाहिए क्योंकि हमारे विचार ही मूर्त रूप में हमें बनाते हैं। उन्होंने विचारों की शक्ति के बारे में बताते हुए कहा कि जैसा हम सोचते हैं आसपास का घर संसार वैसा ही बन जाता है इसलिए

सकारात्मक सोच होनी चाहिए। यदि कोई नकारात्मक विचार के बारे में बार–बार सोचता है तो आंतरिक ऊर्जा में रुकावट उत्पन्न होती है जिससे विभिन्न प्रकार की बीमारियां उत्पन्न हो जाती हैं। प्रतिदिन रात को अपनी डायरी में अपनी परेशानी लिखकर तनाव को दूर किया जा सकता है। उन्होंने मेडिटेशन के महत्व को बताकर ध्यान प्रक्रिया भी कराई। जिज्ञासुओं के प्रश्नों का उत्तर दिया। प्राचार्य युद्धवीर सिंह ने महिला दिवस पर सभी को बधाई व शुभकामनाएं दी।



### मेरठ कॉलेज के कॉमर्स विभाग के छात्रों ने प्रतियोगिताओं में फहराया परचम

आईआईएमटी यूनिवर्सिटी गंगानगर के कॉमर्स एवं मैनेजमेंट डिपार्टमेंट द्वारा 11 मार्च 2025 को आयोजित बडिंग प्रोफेशनल कंपटीशन में मेरठ कॉलेज मेरठ के एम.कॉम. एवं बी.कॉम. कक्षाओं के छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग कर विभिन्न प्रतियोगिताओं में पुरस्कार प्राप्त किये। एम.कॉम. के छात्र यशस्वी सिंह एवं अमन यादव ने द एंटरप्राइजेज अफेयर्स नाम से आयोजित क्विज कंपटीशन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। एम.कॉम. की छात्राएं रेशु एवं रूबी चौधरी ने टैलेंट हंट कंपटीशन में प्रथम स्थान, कॉलेज के ही बी.कॉम. के छात्रों ने द्वितीय स्थान तथा आंचल और तुषार गोयल ने इस कंपटीशन में चौथा स्थान प्राप्त किया। एम.कॉम. की छात्राएं प्राची एवं आयशा फातिमा ने टैलेंट हंट में सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। मेरठ कॉलेज के सचिव श्री विवेक कुमार गर्ग ने मेरठ कॉलेज के छात्रों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया और अपेक्षा जताई की मेरठ कॉलेज के छात्र इसी प्रकार जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में विजय हासिल करते रहेंगे।



### इग्नू केंद्र में बी.एड. और बी.एस.सी. नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा हुई सफलतापूर्वक संपन्न
### स्वास्थ्य क्षेत्र में है रोजगार के अपार अवसर : डॉ अमित चतुर्वेदी

दिनांक 16 मार्च 2025 दिन रविवार को मेरठ कॉलेज के इग्नू केंद्र में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा बी.एड. एवं बी.एस.सी. नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इग्नू के नोएडा क्षेत्रीय केंद्र में कार्यरत डिप्टी डायरेक्टर डॉ. अंजना पर्यवेक्षक के रूप में उक्त दोनों प्रवेश परीक्षाओं में मौजूद रहीं। यह परीक्षा दो पालियों में संपन्न हुई। डॉ. अंजना ने बताया कि इग्नू से बीएड करने के लिए आवेदक को स्नातक के साथ–साथ या तो बीटीसी कोर्स किया होना चाहिए या आवेदक ने डिप्लोमा इन एलिमेंट्री एजुकेशन किया हुआ हो। इग्नू के नोएडा क्षेत्रीय केंद्र के वरिष्ठ निर्देशक डॉक्टर अमित चतुर्वेदी ने अपने संदेश में कहा की मेरठ कॉलेज स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र अपनी पूर्ण क्षमता और दक्षता के साथ इग्नू के विभिन्न कार्यक्रमों एवं परीक्षाओं को संचालित कर रहा है।



### मेरठ कॉलेज में हुआ शहीद भगत सिंह को नमन
### शहीद भगत सिंह युवाओं के प्रेरणा स्रोत : विवेक गर्ग

दिनांक 23 मार्च दिन रविवार को मेरठ कॉलेज के ऐतिहासिक प्रांगण में शहीद–ए–आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर मेरठ कॉलेज के सचिव श्री विवेक कुमार गर्ग एवं प्राचार्य डॉ. नीरज कुमार द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मेरठ कॉलेज सचिव श्री विवेक गर्ग ने बताया कि शहीद–ए–आजम भगत सिंह का नाम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा हुआ है। उन्होंने अपने साहस, विचारधारा और बलिदान से देश की आजादी की लड़ाई में अहम योगदान दिया। भगत सिंह ने 23 मार्च 1931 को ब्रिटिश सरकार के खिलाफ संघर्ष करते हुए अपने दो साथियों सुखदेव और राजगुरु के साथ हंसते–हंसते फांसी के फंदे को चूम लिया। यह दिन भारत के इतिहास में एक महत्वपूर्ण और भावनात्मक दिन के रूप में जाना जाता है।




### मेरठ कॉलेज में हुआ राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का समापन

आज मेरठ कॉलेज मेरठ के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ। इसके अंतर्गत स्वयंसेवकों ने सर्वप्रथम लक्ष्य गीत एवं राष्ट्रीय सेवा गीत गाया। तत्पश्चात साइबर क्राइम, प्रदूषण, एवं महिला सुरक्षा को लेकर रैली निकाली। कार्यक्रम के समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि मेरठ कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य प्रो. नीरज कुमार, अधिष्ठाता प्रो. अनीता मलिक, मुख्य नियंता डॉ. अनिल राठी, पूर्व शारीरिक शिक्षा विभाग अध्यक्ष डॉ. इंद्रजीत सिंह तथा पूर्व में कार्यरत महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के पदाधिकारी प्रो. अशोक कुमार, प्रो. सुधीर कुमार यादव, प्रो. रेनू सारस्वत, प्रो. पवन कुमार आदि उपस्थित रहे।



### मेरठ कॉलेज का विश्वविद्यालय की चैंपियनशिप पर कब्जा

दिनांक 23 मार्च 2025 को आई.पी. कॉलेज, बुलंदशहर में आयोजित चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ की अंतरमहाविद्यालयी रस्सा–कसी (पुरुष एवं महिला) प्रतियोगिता 2025 में मेरठ महाविद्यालय की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुष एव महिला दोनों वर्गों में सभी प्रतिभागी कॉलेजों की टीमों को हराते हुए प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए विश्वविद्यालय की चौंपियनशिप पर कब्जा प्राप्त किया।

मेरठ कॉलेज, मेरठ के टीम मैनेजर प्रो. योगेश कुमार तथा टीम कोच डॉ. विपिन कुमार एवं डॉ संदीप सिंह ने बताया की सभी मुकाबले बेहद कड़े थे, परंतु खिलाड़ियों द्वारा प्रशिक्षण के दौरान की गई मेहनत रंग लाई, जिसके परिणाम स्वरूप महाविद्यालय की टीम ने दोनों वर्गों में चैंपियनशिप प्राप्त की।



### अंतर्महाविद्यालय रस्साकशी पुरुष व महिला खिलाड़ियों का महाविद्यालय पहुँचने पर सम्मान

दिनांक 23 मार्च, 2025 को आई.पी. कॉलेज, बुलंदशहर में आयोजित चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ की अंतरमहाविद्यालयी रस्सा–कसी (पुरुष एव महिला) प्रतियोगिता 2025 में मेरठ महाविद्यालय की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में चैंपियनशिप जीती थी।



आज महाविद्यालय आगमन पर शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा दोनों टीमों का स्वागत समारोह संपन्न किया गया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में अवैतनिक मंत्री श्री विवेक गर्ग ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप हमेशा आगे बढ़ें और महाविद्यालय हमेशा आपकी मदद के लिए हर संभव सुविधा प्रदान करने की उचित व्यवस्था करेगा।

### बौद्ध धर्म करेगा वैश्विक संघर्षों का समाधान

दिनांक 27 मार्च 2025 दिन बृहस्पतिवार को मेरठ कॉलेज के इतिहास विभाग द्वारा सुबह 11:00 बजे से

सेमिनार हॉल में "बौद्ध धर्म के विचारों की प्रासंगिकता एवं समकालीन" विश्व नामक विषय पर एक दिवसीय सिंपोजियम का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का संचालन डॉ. अर्चना एवं डॉ. चंद्रशेखर ने किया। इस संगोष्ठी में नॉर्थ ईस्ट हिल यूनिवर्सिटी शिलांग मेघालय से पधारी प्रो. अपर्णा माथुर ने बताया कि बौद्ध धर्म, जो लगभग 2500 वर्ष पूर्व भगवान बुद्ध द्वारा प्रतिपादित किया गया था, आज भी अपनी गहन शिक्षाओं के कारण प्रासंगिक बना हुआ है। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉक्टर भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी दिल्ली से पधारी डॉक्टर सीमा यादव ने कहा कि आधुनिक जीवन तनाव, अवसाद और चिंता से भरा हुआ है। प्रो. अनीता गिरी ने विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज, पूरा विश्व जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संकट से जूझ रहा है। बौद्ध धर्म प्रकृति के प्रति सम्मान और संतुलित जीवनशैली पर जोर देता है।



## उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग प्रायोजित कर रहा मेरठ कॉलेज में रसायन विज्ञान की एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार

मेरठ कॉलेज के रसायन विज्ञान विभाग में 30 मार्च 2025 ,रविवार को एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया जिसे उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग प्रायोजित कर रहा है। इस सेमिनार का विषय "सस्टेनेबल टेक्नोलॉजीज फॉर ईकोलॉजिकल रिस्टोरेशन " है। यहां उल्लेखनीय तथ्य है कि संपूर्ण उत्तर प्रदेश में इस बार रसायन विज्ञान में मेरठ कॉलेज के रसायन विज्ञान विभाग को ही राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित करने की जिम्मेदारी दी गई है। इसमें विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए गये। इसके सफल आयोजन हेतु आज विभाग प्रभारी और सेमिनार संयोजक प्रो. नीलम कुमारी तथा आयोजन सचिव प्रो. अर्चना ने बैठक का आयोजन करके सबका धन्यवाद ज्ञापित किया।



## कर्नल गुरबख्श सिंह ढिल्लन : आजाद हिंद फौज के वीर सेनानी

दिनांक 29/3/2025 को मेरठ कॉलेज के इतिहास विभाग की ओर से आजाद हिंद फौज के कर्नल गुरुबक्श सिंह ढिल्लन के जीवन और आजाद हिंद फौज में उनके योगदान पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य मुख्य वक्ता जे. के. अग्रवाल ने सारगर्भित वक्तव्य प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का संचालन प्रो. चंद्रशेखर भारद्वाज एवं प्रो. अर्चना ने किया और अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर वकुल रस्तोगी ने प्रस्तुत किया। इस व्याख्यान के माध्यम से सभी शोध छात्रों, छात्राओं ने कर्नल गुरबख्श सिंह ढिल्लन के जीवन और आजाद हिंद फौज में उनके योगदान के बारे में गहन जानकारी प्राप्त की। श्री जे. के. अग्रवाल ने बताया कि कर्नल गुरबख्श सिंह ढिल्लन भारत के स्वतंत्रता संग्राम के एक प्रमुख योद्धा और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व में गठित आजाद हिंद फौज के वीर सेनानियों में से एक थे। उनका जन्म 18 मार्च 1914 को पंजाब के एक सिख परिवार में हुआ था। वे बचपन से ही बहादुर और देशभक्त थे, जिससे उनका झुकाव भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की ओर हुआ।



## तकनीक के प्रयोग से युवा करें रोजगार हासिल : विधायक अमित अग्रवाल
## युवा हैं सशक्त राष्ट्र की नींव : विवेक गर्ग

दिनांक 3/4/2025 दिन बृहस्पतिवार को मेरठ कॉलेज, मेरठ में माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेरठ कैंट क्षेत्र के विधायक माननीय श्री अमित अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि श्री विवेक गर्ग, अवैतनिक मंत्री, मेरठ कॉलेज मेरठ थे।



## नवज्योति फाउंडेशन द्वारा मेरठ कॉलेज में डाटा एंट्री कौशल विकास कोर्स का हुआ सफलतापूर्वक समापन

दिनांक 4 अप्रैल 2025 दिन शुक्रवार को मेरठ कॉलेज मेरठ के सभागार में डेल टेक्नोलॉजी द्वारा प्रायोजित नवज्योति इंडिया फाउंडेशन व कैरियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल मेरठ कॉलेज, मेरठ के संयुक्त तत्वावधान में छात्रों के कैरियर को नई दिशा प्रदान करने हेतु शुरू किए गए डाटा एंट्री ऑपरेटर कंप्यूटर कोर्स के सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर मेरठ कॉलेज मेरठ के छात्रों को प्रमाण पत्र व ट्रॉफी देकर प्रोत्साहित किया गया। कॉलेज के मंत्री श्री विवेक गर्ग ने छात्रों को संबोधित करते हुए डाटा एंट्री कंप्यूटर प्रोग्राम में सफलता प्राप्त करने पर बधाई दी तथा छात्र छात्राओं को भविष्य में कैसे आगे बढ़े इसके टिप्स दिए।

## सात्विक जीवन–शैली समृद्ध भारत का आधार




दिनांक 7/4/2025 को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मेरठ कॉलेज के चिकित्सा समिति तथा अधिष्ठाता कार्यालय द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। चिकित्सा समिति के संयोजक प्रो. दयानन्द द्विवेदी ने लोगों के सुखमय जीवन और देश की आर्थिक समृद्धि के लिए सात्विक जीवन शैली के पांच आधार स्तंभ की चर्चा की। उन्होंने बताया कि व्यक्ति का शारीरिक, मानसिक तथा सामाजिक स्वास्थ्य नियमित दिनचर्या, सात्विक आहार, योग–व्यायाम, सकारात्मक सोच तथा भावात्मक एवं अध्यात्मिक जीवनचर्या पर निर्भर करता है। इसके लिए खानपान बिना प्रसंस्करण तथा बिना परिरक्षक होना चाहिए।



## समानता ही नहीं सामाजिक न्याय के पुरोधा थे अंबेडकर : टीवी पैनेलिस्ट सतीश प्रकाश

दिनांक 14 अप्रैल 2025 को भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष में मेरठ कॉलेज के ऐतिहासिक सभागार में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि थे प्रसिद्ध टीवी पैनलिस्ट डॉ सतीश प्रकाश। संगोष्ठी का विषय था हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान। डॉ. सतीश प्रकाश ने अपने भाषण में कहा कि भारत का संविधान केवल एक विधिक दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह भारत के करोड़ों नागरिकों की आशाओं, आकांक्षाओं और स्वाभिमान का प्रतीक है। इसका निर्माण स्वतंत्रता संग्राम के बाद एक ऐसे समाज की परिकल्पना के तहत हुआ, जहां सभी नागरिकों को समानता, स्वतंत्रता, और न्याय मिले। इस महान दस्तावेज के शिल्पकार, डॉ. भीमराव अंबेडकर, ने न केवल संविधान निर्माण में केंद्रीय भूमिका निभाई, बल्कि उन्होंने सामाजिक न्याय की भावना को संविधान की आत्मा बनाया।

## मेरठ कॉलेज में हुई मटका चित्रांकन प्रतियोगिता

दिनांक 19/04/2025 को मेरठ महाविद्यालय में अम्बेडकर जयन्ती के उपलक्ष्य में मेरठ कालिज रोवर और रेंजर टीम के द्वारा एक निबन्ध प्रतियोगिता (विषय–डॉ. भीमराव अम्बेडकर का समावेशी समाज निर्माण में योगदान) तथा मटका चित्रांकन प्रतियोगिता (विषय–सामाजिक समरसता और एकता) का सफल आयोजन किया गया।



जिसके माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा डॉ. अम्बेडकर के विचारों, आदर्शों और उनके योगदान को शब्दों के माध्यम से प्रस्तुत किया।

### समान शिक्षा प्रणाली से ही होगा समता मूलक समाज का निर्माण : केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल
### मेरठ कॉलेज मेरा दिल मेरी जान : बागपत सांसद राजकुमार सांगवान






दिनांक 22 अप्रैल 2025 दिन मंगलवार को मेरठ कॉलेज के विशाल ऑडिटोरियम में डॉ. ओ.पी. अग्रवाल की अध्यक्षता में धूमधाम से वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के राज्य मंत्री, पशुपालन एवं डेयरी, प्रो. एस.पी. सिंह बघेल शामिल हुए जो कि वर्तमान में आगरा क्षेत्र में जलेसर लोकसभा से लगातार तीन बार से सांसद है। कार्यक्रम में बागपत से सांसद डॉक्टर राजकुमार सांगवान विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे। इस विशाल सम्मेलन में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने भी सहभागिता की। यह संयोग की ही बात है कि मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान एवं कालेज प्रबंध समिति के सचिव श्री विवेक कुमार गर्ग तीनों ही मेरठ कॉलेज के पुरातन छात्र रहे हैं। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश विधान परिषद की तीन बार विधायक रहीं डॉ. सरोजनी अग्रवाल भी उपस्थित रहीं और उन्होंने पुरस्कार वितरित कर विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया। इस वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में मेरठ के प्रमुख व्यवसायी एवं समाजसेवी डॉ. रामकुमार गुप्ता भी अपने पुत्र राहुल गुप्ता के साथ सम्मिलित हुए और उन्होंने 71 विद्यार्थियों को मेरिट में नाम लाने पर 5000 रु0 की नगद पुरस्कार राशि भी वितरित की। सर्वप्रथम माननीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने खेल जगत में मेरठ कॉलेज का नाम राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इनमें ख्याति माथुर, रूपल, अमित सरवाल, रॉकी चौधरी, दानिश चौहान, मोहम्मद रिजवान एवं उत्तम राणा प्रमुख थे। इसके बाद मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल, सांसद राजकुमार सांगवान एवं कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने विश्वविद्यालय में टॉप रैंक लाने वाले सात विद्यार्थियों को सोने का सिक्का देकर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि मेरठ कॉलेज के सचिव श्री विवेक कुमार गर्ग ने 2024 से अपने पिता स्वर्गीय श्री विनोद गर्ग की स्मृति में, जो भी मेरठ कॉलेज का विद्यार्थी पूरे विश्वविद्यालय में प्रथम रैंक लाएगा, उसको श्री विनोद कुमार गर्ग मेमोरियल गोल्ड कॉइन देने की योजना घोषित कर रखी है। इसी योजना के तहत एम.ए. फिलासफी की टॉपर सिमरनजीत, एम.ए. मैथ की राशि पूनिया, एम.ए. उर्दू की सदफ परवीन, एम.ए. डिफेंस स्टडीज की वंशिका कौशिक, एल.एल.एम की विजयंती जोहरी, बी.एस.सी. होम साइंस की पूजा वर्मा एवं बी.एस.सी. कंप्यूटर साइंस के अविरल कौशिक को उपरोक्त 22 कैरेट के सोने के सिक्के एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

इसी के साथ महाविद्यालय में वर्ष भर चलने वाली सभी प्रतियोगिताओं के 350 से भी अधिक विजेताओं को प्रशस्ति पत्र सर्टिफिकेट एवं नगद धनराशि देकर सम्मानित किया गया।



### मेरठ कॉलेज, मेरठ के मुख्य पुस्तकालय में मना विश्व पुस्तक दिवस

दिनांक 23.04.2025 को मेरठ कॉलेज, मेरठ के मुख्य पुस्तकालय में विश्व पुस्तक दिवस मनाया गया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अंग्रेजी काल के इस महाविद्यालय की विशाल ऐतिहासिक पुस्तकालय मे इस अवसर पर छात्र, शिक्षक एवम् प्राचार्य द्वारा पुस्तकों की महत्ता पर विशेष रूप से चर्चा की गयी। मुख्य नियन्ता डॉ. अनिल कुमार राठी ने कहा कि छात्रों का जीवन पुस्तकालय के बिना अधूरा है। इस अवसर पर पुस्तकालय संयोजक प्रों नरेन्द्र प्रताप सिंह ने मुख्य पुस्तकालय मे छात्र व शिक्षकों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी प्रदान की।

### पहलगाम नरसंहार पर मेरठ कॉलेज में हुई श्रद्धांजलि सभा



दिनांक 26 अप्रैल 2025 दिन शनिवार को दोपहर 2:00 बजे मेरठ कॉलेज के विशालकाय ऑडिटोरियम में पहलगाम में हुए नरसंहार पर एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई जिसमें मेरठ कॉलेज के सभी प्रोफेसर, गैर शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं शोध छात्र सम्मिलित हुए। इस श्रद्धांजलि सभा में लगभग 700 व्यक्तियों ने अपनी संवेदनाएं प्रकट की। मंच संचालन डॉ. निशा मनीष ने किया।

### मेरठ कॉलेज के गैर पारंपरिक कोर्सों की जानकारी

मेरठ कॉलेज में बी.एस.सी. कंप्यूटर साइंस (तीन वर्षीय डिग्री कोर्स), एम.एस.सी. कंप्यूटर साइंस (दो वर्षीय डिग्री कोर्स), बी.एस.सी बायोटेक्नोलॉजी (तीन वर्षीय डिग्री कोर्स), बी.एस.सी. होम साइंस (क्लिनिकल न्यूट्रिशन एंड डायटेटिक्स) (तीन वर्षीय डिग्री कोर्स), एम.एस.सी. होम साइंस (फूड एंड न्यूट्रिशन) (दो वर्षीय डिग्री कोर्स), बी.कॉम. एल.एल.बी. (पांच वर्षीय डिग्री कोर्स), बी.ए. एल.एल.बी. (पांच वर्षीय डिग्री कोर्स), बी.पी.ई.एस. (तीन वर्षीय डिग्री कोर्स) तथा डिप्लोमा इन साइबर लॉ (एक वर्षीय डिग्री कोर्स), आदि कक्षाएं संचालित हैं।




बी.एस.सी. कंप्यूटर साइंस एवं एम.एस.सी. कंप्यूटर साइंस की डिग्री के साथ छात्र एवं छात्राएं सरकारी और गैर सरकारी क्षेत्रों में नौकरी के अवसर पा सकते हैं। वहीं बैंक तथा रेलवे समेत अन्य में सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, वेब डेवलपमेंट, डेटा साइंस, साइबर सुरक्षा आदि मुख्य हैं। यह डिग्री आपको तकनीकी विशेषज्ञता हासिल करने में मदद करती है। वहीं, विभिन्न प्रकार की नौकरी में भूमिकाओं के लिए तैयार करती है। बी.एस.सी. बायोटेक करने के बाद कई तरह के नौकरी के अवसर मौजूद हैं। यह डिग्री आपको बायोटेक्नोलॉजी के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने के लिए तैयार करती है। इनमें फार्मास्यूटिकल्स, स्वास्थ्य सेवा, अनुसंधान, कृषि और पर्यावरण विज्ञान तथा डेयरी आदि प्रमुख हैं। पिछले कुछ सालों में क्लिनिकल न्यूट्रिशनिस्ट की मांग काफी तेजी से बढ़ी है। इनमें से कई लोग निजी प्रैक्टिस, अस्पतालों, एक्यूट केयर सेंटर और यहां तक कि सरकारी एजेंसियों में भी काम करते देखे जा सकते हैं। बी.कॉम. एल.एल.बी. और बी.ए. एल.एल.बी. दोनों में ही कानूनी क्षेत्र में नौकरी के अवसर व्यापक हैं। दोनों डिग्री धारक वकील, कानूनी सलाहकार, सरकारी वकील, और अन्य कानूनी पदों पर काम कर सकते हैं। बी.पी.ई.एस. (बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स) के बाद नौकरी की कई संभावनाएँ हैं। खेल प्रशिक्षक, फिटनेस प्रशिक्षक, शारीरिक शिक्षा शिक्षक, खेल अधिकारी, या खेल प्रबंधन में भी काम कर सकते हैं। वहीं, खेल समाचारों की रिपोर्टिंग, विश्लेषण, खेल ब्लॉग लेखन तथा अनुसंधान में विभिन्न संभावनाएँ हैं। डिप्लोमा इन साइबर लॉ में आजकल समाज में बढ़ते साइबर क्राइम पर कानूनी शिकंजा कसने के लिए प्रैक्टिस कर सकते हैं। इस सत्र से बी.सी.ए. प्रारम्भ होने जा रहा है।


–:: संरक्षक ::–

**प्रो० युद्धवीर सिंह**

प्राचार्य, मेरठ कॉलेज, मेरठ

–:: सम्पादक ::–

**प्रो० चन्द्रशेखर भारद्वाज**

इतिहास विभाग, मेरठ कॉलेज, मेरठ

–:: न्यूज़लैटर समिति ::–

1. प्रो. प्रवीण दुबलिश
2. प्रो. रामयज्ञ मौर्य
3. प्रो. अर्चना सिंह
4. प्रो. हरजिंदर सिंह